आरती भगवान महादेव **(Mahadev ji ki aarti lyrics hindi)**

हर हर हर महादेव ॥

सत्य, सनातन, सुन्दर शिव! सबके स्वामी ।

अविकारी, अविनाशी, अज, अन्तर्यामी ॥

हर हर हर महादेव ॥ १॥

आदि, अनन्त, अनामय, अकल, कलाधारी ।

अमल, अरूप, अगोचर, अविचल, अघहारी ॥

हर हर हर महादेव ॥ २॥

ब्रह्मा, विष्णु, महेश्वर, तुम त्रिमूर्तिधारी ।

कर्ता, भर्ता, धर्ता तुम ही संहारी ॥

हर हर हर महादेव ॥ ३॥

रक्षक, भक्षक, प्रेरक, प्रिय औढरदानी ।

साक्षी, परम अकर्ता, कर्ता, अभिमानी ॥

हर हर हर महादेव ॥ ४॥

मणिमय-भवन-निवासी, अति भोगी, रागी ।

सदा शमशान विहारी, योगी वैरागी ॥

हर हर हर महादेव ॥ ५॥

छाल-कपाल, गरल-गल, मुण्डमाल, व्याली ।

चिताभस्मतन, त्रिनयन, अयनमहाकाली ॥

हर हर हर महादेव ॥ ६॥

प्रेत-पिशाच-सुसेवित, पीतजटाधारी ।

विवसन विकट रूपधर, रूद्र प्रलयकारी ॥

हर हर हर महादेव ॥ ७॥

शुभ्र-सौम्य, सुरसरिधर, शशिधर, सुखकारी ।

अतिकमनीय, शान्तिकर, शिवमुनि-मन-हारी ॥

हर हर हर महादेव ॥ ८॥

निर्गुण, सगुण, निरञ्जन, जगमय, नित्य-प्रभो ।

कालरूप केवल हर! कालातीत विभो ॥

हर हर हर महादेव ॥ ९॥

सत्, चित्, आनँद, रसमय, करुणामय धाता ।

प्रेम-सुधा-निधि, प्रियतम, अखिल विश्व-त्राता ॥

हर हर हर महादेव ॥ १०॥

हम अति दीन, दयामय! चरण-शरण दीजै ।

सब बिधि निर्मल मति कर, अपनो कर लीजै ॥

हर हर हर महादेव ॥ ११॥